औरंगाबाद और दिल्ली के बीच विमान सेवा प्रारंभ किया जाना

3095. **श्री विट्ठलराव माधवराव जाधव** : क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये औरंगाबाद और दिल्ली के बीच कोई सीधी विमान सेवा प्रारंभ करने पर विचार कर रही है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) और (ख) इंडियन एयरलाइंस दिल्ली और औरंगाबाद के बीच (जयपुर और उदयपुर से होकर) पहले ही एक दैनिक बी–737 सेवा का प्रचालन कर रही है, जो वर्तमान यात्री मांग को पूरा करने के लिये पर्याप्त है ।

(ग) यह प्रश्न नहीं उठता ।

भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण की भूमि पर अवैध कब्जा

3096. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या यह सच है कि भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण की 300 एकड़ से अधिक भूमि पर अवैध कब्जे को अभी तक हटाया नहीं जा सका है ,

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि इस अवैध कब्जे के लिये किसी भी अधिकारी को उत्तरदायी नहीं ठहराया गया है ; और

(घ) सरकार की इस संबंध में क्या प्रतिक्रिया है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) और (ख) भारत अन्तर्राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण की लगभग 280 एकड़ भूमि पर अनाधिकृत कब्जा है । अनाधिकृत कब्जाधारियों के पुर्नस्थापन के लिये मामले को संबंधित राज्य सरकारों के साथ उठाया गया है ।

(ग) और (घ) अनाधिकृत कब्जा लंबे अर्से से चला आ रहा है । इसलिये इस समय किन्हीं व्यक्तियों को उत्तरदायी ठहराना इसके लिये कठिन है ।

Excess Capacity in the Air Traffic Industry

3097. SHRI KAMAL MORARKA: Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state

(a) whether it is a fact there is an excess capacity in the air traffic industry;

(b) whether it is also a fact that the market has reached a saturation point; and

(c) if so, what steps are proposed to be taken to open new avenues to increase growth of air passengers?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI GHULAM NABI AZAD): (a) Yes, Sir.

(b) No, Sir.

(c) Does not arise.